तापमान
अधिकतम 46.0 डिग्री
न्यूनतम 26.11 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025

जलभराव से निपटने के लिए डीसी ने लिया तैयारियां.. 12



खेड़ी चौपटा में दर्ज मुकदमों को लेकर डीसी से मिला... 12



## खबर संक्षेप

### जमीन पर कब्जे की नीयत से जबरन जुताई करवाई

**हिसार।** अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव चिकनवास में जमीन पर कब्जे की नीयत से जबरन जुताई करने का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में गांव अग्रोहा की निवासी महिला उषा रानी की शिकायत पर 20 मई की रात को छबील दास, उनकी पत्नी मानती देवी, उनके पुत्र उमेद और चांदी, तथा 7-8 अन्य अज्ञात लोगों पर उसकी जमीन पर कब्जे की नीयत से ट्रैक्टर से जबरन जुताई करने का केस दर्ज किया है।

### हजारों की नकदी व सोने की तबीजी चुराई

**हिसार।** अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव किरोड़ी में एक चोरी की वारदात हुई है। इस मामले में जयबीर ने थाना अग्रोहा में अज्ञात के खिलाफ घर में रात्रि को घुसकर 18 हजार रुपये नकद और आधा तोला सोने की तबीजी चुराने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### प्रशासन की अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई

**हिसार।** प्रशासन की ओर से मंगलवार को साउथ बाइपास से गांव लाडवा रोड पर अवैध कॉलोनी में कार्रवाई की। इस दौरान हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के पुलिस बल की मदद से अनाधिकृत कॉलोनी की इंटरलॉकिंग सड़क और चारदीवारी को ध्वस्त किया गया। तोड़फोड़ अभियान के दौरान डीटीपी हिसार दिनेश सिंह, ड्यूटी मजिस्ट्रेट ललित एक्सईएन डीएचबीवीएन, फील्ड इन्वेस्टिगेटर दीपक शर्मा, जेई हरज्ञान और अमन मौजूद रहे। साथ ही डीटीपी ने आम लोगों को अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदने और अनाधिकृत कॉलोनियों में भवन निर्माण न करने का सुझाव दिया।

### बीपीएल कार्ड काटने से नाराज लोग पार्षद से मिले

**हिसार।** बीपीएल कार्ड कटने की समस्या लेकर वार्ड 16 के लोग पार्षद राजेंद्र बिढ़लान से मिले और अपनी समस्या से उन्हें अवगत करवाया। लोगों ने बताया की उनकी इनकम 1,80000 से नीचे है,वह कुछ लोग किराए के मकान पर अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं,बावजूद उसके उनके बीपीएल कार्ड काट दिए गए हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए पार्षद राजेंद्र बिड़लान ने वार्ड 16 के लोगों व पटेल नगर वासियों जिनके भी बीपीएल कार्ड कटे हैं उन लोगों से अपने सभी दस्तावेज लेकर के अपने कार्यालय बुलाया है, उन्होंने लोगों से कहा है कि वह शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों से बात करके उन लोगों के बीपीएल कार्ड दुरुस्त करवाएंगे।

### जिंदल पार्क में योग शिविर आज से

**हिसार।** भारत विकास विकास परिषद विवेकानन्द शाखा एवं भारतीय योग संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस बार भी योग शिविर का आयोजन कल 11 से 15 जून तक प्रातः 5:00 से 6:30 बजे तक क्लॉथ मार्केट के निकट स्थित जिन्दल पार्क में किया जाएगा। प्रकल्प प्रमुख नीरज जिंदल ने बताया कि इस शिविर में योग शिक्षक सुरेश जांगड़ा प्रशिक्षण देंगे।

### शरारती तत्वों से परेशान लोग पुलिस से मिले

**हिसार।** नगर निगम के वार्ड 12 के न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन क्षेत्र के लोगों ने मंगलवार को सेक्टर 9-11 थाना में एक शिकायत देकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थाना में शिकायत देने पहुंचे क्षेत्रवासी सुरेश कुमार, विकास कुमार, पवन कुमार, शत्रुघ्न गिरी, राजेश यादव, राजेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, अजय कुमार, सुरेन्द्र कुमार, मनजीत कुमार, अनंतराम, सागर, नीरज शुक्ला, राजेश कुमार आदि ने बताया कि असामाजिक तत्व उनके घरों के आगे झुंड बनाकर खड़े रहते हैं।

निगम की कार्रवाई से मचा हड़कंप

# बकाया प्रॉपर्टी टैक्स पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई दो भवन सील किए, तीन ने मौके पर भरा बकाया टैक्स

हरिभूमि न्यूज:हिसार

नगर निगम ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मामले में बड़ी कार्रवाई की। मंगलवार को कार्रवाई करते हुए 2 भवनों को सील किया वहीं तीन भवनों के बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मौके पर भरवाया गया। निगम सचिव संजय शर्मा ने बताया कि पिछले लम्बे समय कुछ भवन स्वामी ने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं जमा करवाया था। इसको लेकर नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और उप-निगमायुक्त के दिशा-निर्देश पर नगर की गई। इस दौरान सचिव राहुल सैनी, जेई राजकुमार, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा सहित प्रॉपर्टी टैक्स शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।

बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर टीम ने 5 भवनों पर कार्रवाई की। सबसे पहले टीम सिविल अस्पताल के सामने बनी मार्केट में एक भवन पर पहुंची जिसमें शराब का ठेका चल रहा है। इसका बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 1 लाख 26 हजार रुपये था। इसका भवन स्वामी ने बकाया पूरा प्रॉपर्टी टैक्स मौके पर ही भर दिया। इसके बाद टीम नई अनाज मंडी के सामने बने भवन पर पहुंची जहां पर चल रहे ठेके को नगर निगम की टीम ने सील कर दिया। इसके साथ ही नोटिस भी चस्पा कर दिया गया। सील करने के कुछ समय पश्चात भवन मालिक के द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 72 हजार 800 रुपये भर दिया। इसके बाद नगर निगम की टीम ठण्डी सड़क पूराने सोहन सिनेमा के सामने के भवन का सील कर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया। जिसका प्रॉपर्टी टैक्स 3 लाख 6 हजार 600 रूपये था। इसके पश्चात टीम कैम्प चौक के नजदीक के मैरिज पैलेस में पहुंची टीम के पहुंचने पर भवन मालिक ने मौके पर बकाया 12 लाख 56 हजार रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दिया। इसके बाद टीम दिल्ली रोड जिंदल पुल के नजदीक भवन पहुंची जिसमें शराब का ठेका चल रहा था। टीम के पहुंचे पर भवन स्वामी ने मौके पर बकाया 82 हजार 200 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा दिया।



हिसार। सीलिंग की कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

**टैक्स नहीं भरने वालों पर कार्रवाई**

शहरवासी बकाया प्रॉपर्टी टैक्स समय पर भरे नहीं तो भवन सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। निगम की ओर से बकाया प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने वाले भवन की सीलिंग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। **नीरज, निगमायुक्त, नगर निगम, हिसार**

### थैले में बंद मिली नवजात बच्ची, पुलिस जांच में जुटी

**हिसार।** सेक्टर 9-11 में सड़क किनारे एक थैला में बंद एक मासूस बच्ची मिली है। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर एक महिला बच्ची को उठाकर अपने साथ घर ले आई और मामले की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल बच्ची को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उधर, जिस जगह पर बच्ची मिली है, पुलिस उस एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन एरिया में रहने वाली महिला सेक्टर 9-11 से गुजर रही थी। इस दौरान उसने ग्रीन बेल्ट में किसी नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनी। उसने देखा कि भीषण गर्मी में कोई नवजात बच्ची को थैले में पड़ी रो रही है। उसने तुरंत अपने बेटे को फोन किया और घटना के बारे में बताया। इस पर मां बेटे बच्ची को अपने घर ले आए और डायल 112 को सूचना दी। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

विरोध-प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने की नया प्रोविजन वापस लेने व गार्डों पर कार्रवाई की मांग

# स्कॉलरशिप के नए प्रोविजन का विरोध करना पड़ा भारी एचएयू के सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एमएससी तथा पीएचडी स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले के स्कॉलरशिप के नए प्रोविजन का विरोध शुरू हो गया है। विद्यार्थियों को यह रास नहीं आ रहा है और जब वे विरोध करने कुलपति कार्यालय के समक्ष पहुंचे और नारेबाजी करने लगे तो एचएयू के सुरक्षा गार्डों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। सुरक्षा कर्मचारियों के इस रवैये से विद्यार्थियों में रोष है और उन्होंने उन पर कार्रवाई की मांग की है। मारपीट के विरोध में विद्यार्थियों ने कुलपति कार्यालय के बाहर डेरा डाल लिया है। विवि प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को मनाने को प्रयास किया जा रहा है। शाम को विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के राजगढ़ रोड स्थित रजत जयंती गेट के बाहर सामने भी धरना प्रदर्शन किया। उधर, विवि प्रशासन ने इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने कुलपति कार्यालय में घुसने की कोशिश की और जब उन्हें रोका गया तो विद्यार्थियों ने ही मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ दी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एमएससी तथा पीएचडी स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले के स्कॉलरशिप का नया प्रोविजन विद्यार्थियों को रास नहीं आया। नए प्रोविजन के खिलाफ हकृवि के विद्यार्थियों ने मंगलवार दोपहर कुलपति कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। छात्र काफी देर तक नारेबाजी करते रहे और मांग की कि स्कॉलरशिप की पुरानी पद्धति बहाल की जाए। अपनी मांग के संबंध में छात्र काफी देर तक नारेबाजी करते रहे।

आंदोलनरत विद्यार्थियों ने बताया कि एमएससी तथा पीएचडी स्टूडेंट्स को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से क्रमशः छह हजार तथा 10 हजार रुपये मासिक स्कॉलरशिप दी जाती है। स्कॉलरशिप उन्हीं विद्यार्थियों को दी जाती है जो कि परीक्षा में 75 फीसद अंक प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय के नए प्रोविजन के अनुसार विद्यार्थियों को अब 75 फीसद से अधिक अंक तो प्राप्त करने ही होंगे लेकिन स्टाइफंड 75 फीसद अंक प्राप्त करने वाले टॉपर 25 फ़ीसदी विद्यार्थियों को ही मिलेगा। उनका कहना है कि इससे अधिकतर बच्चे स्टाइफंड से वंचित हो जाएंगे, जो गरीब व जरूरमंद विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों के अनुसार नए प्रोविजन के खिलाफ करीब 15 दिन पहले उन्होंने कुलपति से भी मुलाकात की थी। कुलपति ने इस संदर्भ में विवि अधिकारियों और विद्यार्थियों की एक कमेटी का गठन उचित निर्णय लिए जाने का भरोसा दिया था। छात्रों ने आरोप लगाया कि कमेटी के लिए जिन छात्रों के नाम विवि प्रशासन को दिए थे, उनमें से 2-3 छात्रों के नाम ही कमेटी से हटा दिए गए।



हिसार। छात्रों को वीसी कार्यालय के आगे से उठाने का प्रयास करते सुरक्षा कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*





हिसार। बहस के बाद छात्रों के पीछे दौड़ते सुरक्षा कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

**सुरक्षा कर्मचारियों ने धरने से रोका**

सुरक्षा अधिकारियों ने विद्यार्थियों को कुलपति कार्यालय के बाहर धरना देने पर आपत्ति जताई और कहा कि कुलपति कार्यालय के बाहर मत बैठो। विद्यार्थी नहीं माने और वहीं पर बैठकर हकृवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। वहां मौजूद विद्यार्थी और सुरक्षा कर्मचारियों में बहस भी हुई। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों ने कुलपति कार्यालय के बाहर बैठे विद्यार्थियों को धक्के मारने शुरू कर दिए।

**बिगड़ गया माहौल**

ऐसे में माहौल बिगड़ गया और अफरा तफरी मच गई। सुरक्षा कर्मचारियों ने कुलपति कार्यालय के लॉन में विद्यार्थियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मारपीट की यह वीडियो भी वायरल हो रही है। माहौल खराब होता देख विवि प्रशासन ने पुलिस को मौके पर बुला लिया।

**सुरक्षा गार्डों के रवैये से गुस्साए छात्र**


सुरक्षा अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मारपीट किए जाने से विद्यार्थी गुस्सा गए। उन्होंने नारेबाजी तेज कर दी और मांग की कि उनके साथ मारपीट करने वाले सुरक्षा कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाए। इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्कॉलरशिप को लेकर जो नया प्रोविजन लागू किया है उसे भी हटाया जाए।

**छात्रों ने मारपीट की और वर्दी फाड़ी**

मंगलवार को हुए घटनाक्रम पर हकृवि विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि आज कुछ छात्रों ने स्कॉलरशिप की मांग के लिए नारे लगाते हुए वीसी ऑफिस में घुसने की कोशिश की वहां खड़े सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो छात्रों ने उनके साथ मारपीट की और उनकी वर्दी भी फाड़ दी। सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों को खदेड़ने की कोशिश की। पूर्व में इसी मुद्दे पर कुलपति ने छात्रों से मिलने के बाद उनकी मांग पर एक कमेटी का गठन किया था परंतु छात्रों ने कमेटी से बैठक नहीं की।



हिसार। मारपीट की घटना के बाद वीसी कार्यालय के आगे से धरने पर बैठे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*



हांसी। आगजनी की घटना के बाद दुकान में जला पड़ा सामान।

### अज्ञात कारणों से मेडिकल स्टोर में लगी आग, लाखों रुपये की दवाइयां जलीं

**हांसी।** बस स्टैंड के साथ पालिका बाजार में स्थित एक मेडिकल स्टोर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी लाखों रुपये की दवाइयां जल कर राख हो गई। दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दुकान में लगी आग पर काबू पाया। खबर लिखे जाने तक दुकान में आग लगने के कारणों को खुलासा नहीं हो पाया। मामले की जानकारी देते हुए जय मां मेडिकल हाल के मालिक प्रमोद ठकराल ने बताया कि वह सोमवार रात करीब 9 बजे अपनी दुकान को बंद कर घर गए थे और रात 10 बजे पड़ोसी दुकानदार का फोन आया कि आपकी दुकान से धुआं निकल रहा है। दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर उसने तुरंत फायर ब्रिगेड कर्मियों को फोन किया और स्वयं भी दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान के अंदर से काफी धुआं निकल रहा था और दुकान खोल कर देखा तो उसके अंदर आग लगी हुई थी और आग लगने से दुकान में रखी करीब 5 लाख रुपये की दवाइयां तथा दुकान का फर्नीचर जल कर राख हो गया।

हांसी पुलिस ने 16 स्थानों पर नाकाबंदी कर चलाया अभियान

# 898 वाहनों को चैक कर 42 के काटे चालान

- सीलिंग प्लान के दौरान अवैध देशी शराब 12 बोलत के साथ एक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला पुलिस द्वारा सोमवार शाम 7 से रात 10 बजे तक सीलिंग प्लान के तहत 16 स्थानों पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने नाकों का दौरा कर वहां तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हर संदिग्ध वाहन को बारीकी से चैक करे और कोई कमी पाई जाती हैं तो नियमानुसार कार्रवाई करे। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है। सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके 898 वाहनों को चैक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 42 वाहनों के चालान किए गए। सीलिंग प्लान के दौरान तोशाम रोड़ पर उमरा निवासी पिंटू को 12 बोलत अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर शहर थाना में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है। इस अवसर पर बिना कागजात मिले एक वाहन का चालान कर इंपाउंड, बिना हेल्मेट 5, तेज गति के 1 चालान, बिना सिट बेल्ट के 4 तथा ड्रिंक एंड ड्राईव का एक चालान व अन्य यातायात के नियम तोड़ने वाले 42 वाहनों के चालान किए गए। वहीं सीलिंग प्लान के दौरान 12 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर फारिक किया गया।




फोटो 10 एचएसआर 15 : हांसी : सीलिंग प्लान के दौरान नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन

### ड्रंक ड्राइविंग, बिना कागजात के पुलिस ने बाइक इंपाउंड कर 23 हजार का काटा चालान

**नारनौंद।** ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्ती दिखाते हुए एक मोटरसाइकिल चालक का 23 हजार रुपये का चालान कर मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर दिया। नारनौंद ट्रैफिक इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर रामनिवास ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को कागजात जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि व्यक्ति शराब के नशे में था, उसने हेलमेट नहीं पहना हुआ था और उसके पास मोटरसाइकिल के कागजात भी नहीं थे। शराब पीकर वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बिना कागजात, बिना पॉल्यूशन बिना इंश्योरेंस इन पाचं उल्लंघनों के आधार पर मोटरसाइकिल को इंपाउंड कर कुल 23 हजार रुपए का चालान काटा गया है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।




नारनौंद। मोटरसाइकिल का चलन करते हुए सब इंस्पेक्टर रामनिवास चहल।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।



लाइफ Style

# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लम हैं और वो हिंदू।

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला




# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

*नई दिल्ली। इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*





**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।



**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।







**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*

## खबर संक्षेप



### 81 कलशों से बालाजी का होगा महाभिषेक

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में बुधवार 11 जून को मनाए जाने वाले ज्येष्ठाभिषेक उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह उत्सव परम पद प्राप्त अनन्त श्री विभूषित श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र अनन्त श्री विभूषित सर्वश्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में मनाया जाएगा। इस दौरान श्री तिरुपति बालाजी भगवान का 81 कलशों से महाभिषेक होगा। इस आलौकिक महाभिषेक के दर्शन का अवसर श्रद्धालुओं को मिलेगा। विशेष बात है कि कलशों के लिए यजमान भी बनाए गए हैं। कल प्रातः 9 बजे पूरे विधि-विधान से श्री तिरुपति का महाभिषेक शुरू किया जाएगा।

### हड़ताल की तैयारियों को लेकर यूनिट मीटिंग की

**बरवाला।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कार्यकारिणी मीटिंग कर्मचारी भवन में प्रधान अश्वनी पूनिया की अध्यक्षता में की गई। मीटिंग का संचालन सचिव राधेश्याम वर्मा ने किया। केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर पहले से प्रस्तावित 9 जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल की तैयारियों को लेकर बिजली कर्मचारी यूनियन की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए राज्य कैशियर सुरेंद्र यादव, राज्य उपप्रधान जगमिंदर, सूबे सिंह कादियान व दलीप सोनी ने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार कर्मचारी, किसान, मजदूर के हितों के साथ कुठाराघात कर रही है। राज्य कमेटी के तमाम नेता मांगों को लेकर पूरे प्रदेश का बिजली कर्मचारी जिला और यूनिट के तमाम कार्यालय पर जून माह में बड़ी-बड़ी कन्वेंशन करेगा।

### तीन कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**हिसार।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के तीन ग्रुप-डी कर्मचारियों को ग्रुप-सी में लिपिक के पद पर पदोन्नत किया गया हैं। पदोन्नत करने पर गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार का आभार व्यक्त किया है। ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्पलॉइज फडरेशन के चेयरमैन व संघ के प्रधान विपिन वधवा ने बताया कि नीरज, रामफल सिंह और महावीर सिंह सेवादार को लिपिक के पद पर पदोन्नत किया गया है। उपरोक्त कर्मचारी वर्ष 2005 में सेवादार के पद पर नियुक्त हुए थे। प्रेस सचिव मुकेश तंवर ने बताया कि मंगलवार दोपहर गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ की आम सभा बुलाई गई हैं जिसमें संघ के कार्यकाल का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा तथा आगामी कार्यकारिणी बारे विचार विमर्श किया जाएगा।

### कांग्रेस संगठन सृजन अभियान आज से

**हिसार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के निर्देशानुसार जिले में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन सृजन अभियान का आरंभ किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार यह अभियान 11 जून से 16 जून तक चलेगा, जिसमें जिले के सभी प्रमुख हलकों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य संगठन का पुनर्गठन, नए सदस्यों को जोड़ना, सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान करना और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है। अभियान का शुभारंभ 11 जून को हिसार में होगा। कांग्रेस भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक बैठक होगी। इस बैठक में पूर्व विधायक एवं एआईसीसी ऑब्जर्वर जगदीश जांगिड़, पूर्व विधायक एवं पीसीसी ऑब्जर्वर अमित सिहाग, पीसीसी ऑब्जर्वर जयपाल सिंह लाली और पीसीसी ऑब्जर्वर पंकज चौहान उपस्थित रहेंगें।

## नियमित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की कल अंतिम तिथि

# गुजवि में दाखिले के लिए अब तक 8 हजार 221 आवेदन आए

- अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में 5586 तथा पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 2635 आवेदन प्राप्त
- 93 से अधिक नियमित कोर्सों में दाखिला लेने के अवसर



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के प्रति विद्यार्थियों में उत्साह है। नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अब तक 8221 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5586 तथा पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 2635 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजवि में विद्यार्थियों को 93 से अधिक नियमित कोर्सों में दाखिला लेने के अवसर प्राप्त हैं। नियमित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून है। अपनी रूचि के अनुसार विद्यार्थी इन कोर्सिज में दाखिला लेकर अपना करियर बना सकते हैं।

### टाइम्स हायर रैंकिंग में गुजवि का देश में 59वां स्थान

*कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाइम्स हायर रैंकिंग 2025 में विश्वविद्यालय को भारत में 59वां स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं फिजिकल साइंस विषय केटेगरी में विश्वविद्यालय को देश में 33वां स्थान प्राप्त हुआ है। यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्वविद्यालय को भारत में 41वां स्थान तथा विश्व में 401 से 500 रैंक बैंड हासिल हुआ है। वहीं नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2024 में राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय श्रेणी में गुजविप्रौवि ने 47वीं रैंक हासिल की है।*

विश्वविद्यालय ने विभिन्न नियमित कोर्सों के लिए दाखिलों के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा हैल्पलाइन व हैल्पडैस्क भी स्थापित किए गए हैं। नेट बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड आदि से फीस जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून है। 12 जून को ही ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है। ऑनलाइन आवेदन में अपडेट या सुधार करने की अंतिम तिथि 14 जून है। 17 जून को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध होंगे। खेल व एनएसएस के टेंटेटिव वेटेज अंक 18 जून को वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिए जाएंगे। 19 जून तक उम्मीदवार ई-मेल से खेल व एनएसएस के टेंटेटिव वेटेज अंकों के बारे में आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, आवेदन फीस, कोर्स की फीस, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रोस्पैक्टस में उपलब्ध हैं।

# ठेके में आग लगाने के दो आरोपी पकड़े

- शराब ठेकेदार को डराने के मकसद से लगाई गई थी आग



हांसी। शराब ठेके में आग लगाने वाले दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सदर थाना पुलिस निकटवर्ती गांव रामायण के शराब ठेके में पेट्रोल की बोतल डालकर आग लगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान रामायण निवासी कार्तिक उर्फ टोली व उस्मान के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने 7 जून रात को करीब 1:30 बजे रामायण स्थित शराब ठेके के ठेकेदार को डराने के उद्देश्य से ठेके के अंदर पेट्रोल फेंक कर उसमें आग लगा दी थी। पुलिस ने शराब ठेकेदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर थाना सदर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से गई मोटरसाइकिल बरामद कर कब्जे में ली। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### 11 किलो गांजा सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार किया

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान एएनसी पुलिस ने 11 किलो गांजा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर मसूदपुर निवासी संजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिन पहले डाटा निवासी जीतड़ को 11 किलो गांजा सप्लाई किया था। आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था। एएनसी स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### जैन संस्कार शिविर में उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया

**उकलाना।** श्री एस एस जैन सभा उकलाना स्थानक में चल रहे 10 दिवसीय जैन संस्कार शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। शिविर में प्रतिदिन लगभग 70 बच्चो ने हिस्सा लिया। शिविर के पहले 9 दिनों सिखाया गया फिर उनकी परीक्षा ली गई। जिन बच्चों ने परीक्षा में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया, उन सभी बच्चों को पुरस्कार दिए गए बाकि बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर सभा के प्रधान रामचंद्र जैन ने बच्चों को पढ़ाने वाली तीनों शिक्षिका शिल्पा जैन, बबिता जैन व निशा जैन को भी जैन सभा द्वारा सम्मानित किया गया।

# भारत स्वाभिमान न्यास व पतंजलि योग समिति ने सीखाया योग

- गांव खांडा खेड़ी के माता जियो देवी कॉलेज में सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का 5वां दिन



नारनौंद : गांव खांडा खेड़ी के माता जियो देवी कॉलेज के प्रांगण में योग का अभ्यास करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

भारत स्वाभिमान संगठन एवं पतंजलि योग समिति तहसील बास द्वारा संचालित सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर गांव खांडा खेड़ी के माता जियो देवी कॉलेज के प्रांगण में आयोजन किया गया। पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष चंद्र पीटीआई पेटवाड़ द्वारा शिविर को दीप प्रज्वलित करके शुभारम्भ किया गया। पतंजलि के योग प्रभारी रामनिवास आर्य व विद्या रानी महिला प्रभारी द्वारा बबली अध्यापिका का मंच पर फूलमालाओं के साथ सम्मान किया गया। उसके बाद वेद प्रकाश आर्य तहसील प्रभारी बास द्वारा ध्यान प्रणव, प्राणायाम, शीतली प्रणायाम, उज्जैई, भ्रामरी, बाह्य प्राणायाम के अभ्यास कराए गए। शरीर में ऊर्जाएं कैसे काम करती है ओर कितनी ऊर्जा किस कार्य द्वारा वेस्ट होती है। मधुमेह शुगर के बारे में बचाव व उपचार के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया। रामनिवास आर्य ने योग, प्राणायाम करवाए गए और दंड बैठक, सूर्य नमस्कार, योगिंग जॉगिंग का अभ्यास योग दर्शन करवाए गए। वेद प्रकाश आर्य के द्वारा बेलाओं, शुद्ध आहार, शुद्ध विचार विषमुक्त खेती के बारे में बताया रवि आर्य द्वारा जलनेती ओर कुंजन क्रिया करके इनके लाभ बताया। अंत में हंसासन ओर सिंह गर्जना के साथ शांति पाठ के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर विद्या देवी, अशोक शर्मा, बलजीत प्रधान, बबली अध्यापिका, मास्टर शंकर आर्य सुखबीर, रमेश, मनीष, धर्मवीर, सुन्दर मोहला मौजूद रहे।

# दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के किए चालान

### टीम ने 1500 रुपये का जुर्माना किया

- निगमायुक्त नीरज ने दुकानदारों से अपील की वे 120 माइक्रोन से कम के पॉली बैग का प्रयोग न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल के दिशा निर्देश पर मंगलवार को चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने कैम्प चौक के आस-पास के क्षेत्र में 10 दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने 3 दुकानदारों के सिंगल यूज प्लास्टिक के 1500 रूपये के चालान किये। इस दौरान टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने के बारे में जानकारी दी। निगमायुक्त नीरज ने दुकानदारों से अपील की वे 120 माईक्रोन से कम के पॉली बैग का प्रयोग न करें। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, रवि सिंधवानी मौजूद रहे।

# कैडेट्स और स्टाफ को योग करना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन की शुरूआत कैडेट्स ने योग से की। इस मौके पर मोराजी देशाई राष्ट्रीय योग संस्थान से डॉ. विनय भारती ने सभी कैडेट्स और स्टाफ को योग करना सिखाया और बताया कि योग के द्वारा आत्मा और परमात्मा से मिलन होता है। योग हमारे शरीर को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है । कैंप कमांडेंट कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कैडेट्स को भविष्य में जिम्मेवार नागरिक बनकर समाज और देश सेवा करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देकर कर्तव्य निभाना है। सभी कैडेट्स को जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य, योग, पूजा, समय पाबन्दी, लक्ष्य, धैर्य, निरंतरता, सकारात्मक सोच, ऊर्जा, समय सदुपयोग, की नितान्त आवश्यकता बताया। शिविर में मेजर आकांक्षा पांडे, कैंप कार्यवाहक एस एम सूबेदार नीरपाल, सीनियर जीसीआई निशा, सीनियर जीसीआई संगीता, सूबेदार टेक सिंह, थर्ड ऑफिसर सुदेश, सीटीओ चेलसी, हवलदार गुरजिंदर, क्लर्क रोहित, लखवीर सिंह, अमित भाग ले रहे हैं।

# बाबा श्याम और बालाजी के भजनों पर झूमें श्रद्धालु

- 88वीं धार्मिक यात्रा का आयोजन किया, झूंझनू में रानी सती और लोहार्गल धाम में सूर्य मंदिर में दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर



आदमपुर : विजेता रितु को सम्मानित करती कविता, जीतू व कमेटी सदस्य।

श्रीखाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति की ओर से ज्येष्ठ द्वादशी पर 88वीं धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें। शुभारंभ समिति के अध्यक्ष अमित गोयल ने बाबा की ध्वजा के साथ किया। भजन गायकारों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर सबको झूमने पर विवश कर दिया। श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम व सालासर बालाजी के अलावा झूंझनू में रानी सती और लोहार्गल धाम में सूर्य मंदिर में दर्शन किए। यात्रा में निकाले गए लक्की ड्रा में रजनी ऐलावादी हिसार ने पहला, विजेंद्र कोहली ने दूसरा, रितु पटियाला ने तीसरा, अनिल कोहली ने चौथा और जिया मुंबई ने पांचवां पुरस्कार प्राप्त किया जबकि मंच संचालन अमित अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सतपाल शर्मा, महेश गोयल सिवानी, प्रेम गोयल, प्रवीण जैन, मुकेश खैरमपुरिया, विनोद अनमोल, नवीन बंसल, पवन राठोड़, जतिन बंसल, सतीश, पूनम, सुमन, जीतू, रेखा, रजनी, मुकेश, कोमल आदि मौजूद रहे।

### गांव उगालन में पुलिस ने कच्ची शराब की भट्टी पकड़ी, एक गिरफ्तार

**नारनौंद।** बास पुलिस ने गांव उगालन के खेतों में कच्ची शराब तैयार कर रहे एक व्यक्ति को चलती भट्टी सहित भारी मात्रा में लाहन व कच्ची शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस को सूचना मिली कि गांव उगालन निवासी राजबीर गांव के पास ही खेतों के साथ लगते बबूल के पेड़ों की आड़ में नकली शराब तैयार कर रहा है। पुलिस ने तुरंत एक टीम तैयार की और मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही राजवीर मौके से भागने लगा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया और शराब की भट्टी के पास जाकर देखा तो वहां पर एक बड़े चूल्हे पर शराब तैयार की जा रही थी। बड़े लोहे के ड्राम में 60 लीटर शराब तैयार करने का लाहन बरामद किया गया। पास ही रखी एक प्लास्टिक की केनी में भी तैयार की हुई 12 लीटर कच्ची शराब मिली। मौके पर एक्साइज इंस्पेक्टर संदीप लोहान को बुलाया गया। उसने शराब तैयार करने का परमिट मांगा। लेकिन आरोपित राजबीर कोई परमिट या लाइसेंस पेश कर सका। पुलिस ने राजबीर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सर्वश्रेष्ठ इनाम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक, कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं, 39 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करने में भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों व एक आम नागरिक को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर रमेश कुमार, सब-इंस्पेक्टर रविन्द्र व दीपक तथा 39 बांग्लादेशी नागरिकों के निर्वासन के लिए पत्राचार कर सराहनीय कार्य करने वाले सहायक उप निरीक्षक मनीष कुमार तथा 39 बांग्लादेशी नागरिकों के निर्वासन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों सब-इंस्पेक्टर कपिल व सुंदरलाल, सिपाही सतीश, अजय, विजेन्द्र,महिला सिपाही मंजू, काजोल, मधु, सहायक उप निरीक्षक अजय, मुख्य सिपाही विजय व एसपीओ सुनील कुमार प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सुरक्षा शाखा में तैनात सहायक उप निरीक्षक राजेश, मुख्य सिपाही सुनील, सिपाही प्रवीन, पोरश और कुलदीप आदि जिन्होंने 39 बांग्लादेशी नागरिकों के चरित्र सत्यापन एवं आवश्यक पत्राचार में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

वहीं सर्वश्रेष्ठ अनुसंधानकर्ता के रूप में सदर थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार व मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार को सम्मानित किया गया।

## हिसार शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई

# डीसी ने रोडवेज जीएम को बस स्टैंड का पिछला गेट तय रूट की बसों के लिए तत्काल खोलने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के निर्देशों के बाद लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में जिला प्रशासन की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनीश यादव ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त यादव ने रोडवेज के महाप्रबंधक को बस स्टैंड के पिछले गेट को निर्धारित रूट की बसों के लिए तत्काल खोलने के निर्देश दिए। इससे यात्रियों की सुविधा में सुधार होगा और मुख्य सडक़ों पर यातायात दबाव में कमी आएगी। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में सभी सडक़ों और पार्किंग स्थलों की स्पष्ट मार्किंग की जाए। सड़क की बाउंड्री लाइन चिन्हित की जाए और प्रतिदिन कितने किलोमीटर में यह कार्य हो रहा है, इसकी निगरानी कमेटी स्तर पर नियमित रूप से की जाए।

### सेक्टर-14 के छोटे एंट्री गेट को हटाकर बड़ा किया जाए

उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेक्टर-14 में आरडब्ल्यूए द्वारा बनाए गए छोटे एंट्री गेट को हटाकर इसे बड़ा किया जाए ताकि इस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके। इसके अतिरिक्त सिविल अस्पताल चौक से बस स्टैंड तक यातायात को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए गए। शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों जैसे डाबड़ा चौक, जिंदल चौक, सुशीला भवन के पास, साउथ बाइपास एवं राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीप स्थित सडक़ों पर स्लीप रोड निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही क्लोथ मार्केट जैसे स्थानों पर टी-पॉइंट का निर्माण एवं सडक़ चौड़ीकरण की योजना पर तुरंत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त नीरज, नगराधीश हरिराम, रोडवेज महाप्रबंधक डॉ मंगल सेन, एसई सिंचाई विमल कुमार, जतिन खुराना, बलकार रेड्डू मौजूद रहे।

### श्रवन सेन बने सर्वसम्मति से सेन धर्मशाला के प्रधान

**उकलाना।** श्रवण सेन को सर्वसम्मति से सेन धर्मशाला का प्रधान बनाया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस सेवा दल के प्रधान व सेन समाज के पूर्व प्रधान विजेन्द्र कपूर ने बताया कि श्रवण कर्मठ व समाज सेवी कार्यकर्ता है। सेन धर्मशाला निर्माणाधीन है। नई कमेटी की सूची में सतबीर उपप्रधान, लीला कुंभा सचिव, सहसचिव जगबीर कपूर बिठमडा, केसर कोषाध्यक्ष चुना गया है। चुनाव महेन्द्र दनोदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर खाप प्रधान रणधीर फरीदपुर, पूर्व प्रधान राम कुमार बुदाखेडा मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सुरेश पुत्र श्री राजपाल निवासी गांव खाण्डा खेड़ी, तहसील बास, जिला हिसार बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम सुरेश कुमार से बदलकर सुरेश रख लिया है। भविष्य में मुझे सुरेश के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### धान की सीधी बुवाई के लिए 10 हजार एकड़ का लक्ष्य

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा 2025 के दौरान फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण को प्रोत्साहन योजना के तहत किसानों को धान की सीधी बुवाई के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न मदों में सहायता राशि उपलब्ध करवाने का लिया गया है। उप कृषि निदेशक राजबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा में 12 जिलों में इस योजना को चालू किया गया है, जिसमें हिसार जिला भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 10 हजार एकड़ में धान की सीधी बुवाई के लिए 4.50 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया है।

### ऑटो रिक्शा में रखे बैग से आभूषण, नकदी चोरी

**हांसी।** रेलवे स्टेशन से ऑटो रिक्शा में सवार होकर अपने मायके जा रही एक महिला के बैग में रखा पर्स चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में भिवानी के हालुवास गेट निवासी सुमन ने बताया कि वह मंगलवार सुबह भिवानी से हांसी अपने मायके में आई थी और सुबह 07:30 बजे हांसी रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद ई-रिक्शा में बैठकर सिसाय पुल अपने घर रही थी।

### फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले गिरफ्तार

**हिसार।** शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने महावीर कॉलोनी में दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों महावीर कॉलोनी निवासी आशीष और सुमित को गिरफ्तार किया है। एएसआई राजकुमार ने बताया कि 12 क्वार्टर पुलिस चौकी में महावीर कॉलोनी निवासी प्रवीण उर्फ धोलू ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों द्वारा उसके घर पर हवाई फायर करने के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि 7 दिसंबर 2024 की रात में मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने उनके घर पर हवाई फायरिंग की।

### हेरोइन सप्लायर गिरफ्तार दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**हिसार।** सीआईए टीम ने हेरोइन सप्लायर लुधियाना के कुर्शेडपुर निवासी गुरविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई सुरेंद्र ने बताया कि आरोपी गुरविंदर ने 83.25 ग्राम हेरोइन पीरावाली निवासी मनिंदर सिंह को डेढ़ लाख में बेचा था। आरोपी गुरविंदर से पूछताछ जारी है। उसे अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले के अनुसार हिसार सीआईए ने 3 नवंबर 2024 को बगला मोड़ स्थित हरियाणा बीज विकास निगम हिसार, कार्यालय की दीवार के पास से पुलिस टीम को देख भागने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गांव पीरावली निवासी मनिंदर सिंह बताया।

### गांव मंगाली में आयोजित करवाई कबड्डी प्रतियोगिता

**हिसार।** युवाओं को नशे से दूर रखने तथा उन्हें खेलो से जोड़ने के लिए पुलिस खेल गतिविधियों के माध्यम से लगातार युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। पुलिस ने गांव मंगाली में गांव डाया, बादशाहपुर तलवंडी, मंगाली आकलन, हरिता और बाडया ब्राह्मण के खिलाड़ियों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता करवाई।

## घोड़ा फार्म और शाहपुर स्थित ड्रेनों की सफाई कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

# जलभराव से निपटने के लिए डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

### मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मानसून के आगमन से पूर्व जलभराव की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी कड़ी में उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को जिले में जल निकासी व्यवस्था का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घोड़ा फार्म और शाहपुर स्थित ड्रेनों की सफाई कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की।

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता विमल कुमार ने उपायुक्त को जानकारी दी कि ड्रेन की गाद की सफाई, जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों को हटाने तथा समुचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं और अब यह कार्य अंतिम चरण में है। उपायुक्त अनीश यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी जल निकासी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ जलभराव से निपटना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और राहत भरा वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है। जल निकासी से जुड़े कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि कहीं भी कोई चूक न हो।



**हिसार।** जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते उपायुक्त अनीश यादव।



**हिसार।** वीसी के दौरान उपस्थित मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग व उपायुक्त अनीश यादव।

#### कार्य में ढिलाई न बरती जाएं

उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में सुपर शकर मशीनों के माध्यम से ड्रेनों की सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। आधुनिक तकनीकों की मदद से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है। इस संबंध में वे स्वयं कई बार विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि विशेषकर उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए, जहां पूर्व में जलभराव की समस्या अधिक रही है। ऐसे क्षेत्रों में अतिरिक्त नलकूपों और पंपिंग स्टेशनों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

#### एसीएस ने वीसी से की बात

इसके उपरांत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव (एफसीआर) सुमिता मिश्रा ने राज्य के सभी उपायुक्तों से बातचीत की। इस दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने हिसार जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि जिले को जलभराव से मुक्त रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग, नगर निगम आयुक्त नीरज, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, बिजेंद्र साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेड़ी चौपटा में दर्ज मुकदमों को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**हिसार।** उपायुक्त से मिलने पहुंचा किसान संगठनों का प्रतिनिधिमंडल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

खेड़ी चौपटा में फरवरी 2024 में आंदोलन कर रहे किसानों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग को लेकर किसान सगठनों के प्रतिनिधिमंडल की मंगलवार को डीसी अनीश यादव के साथ बैठक हुई। बैठक में किसानों ने उपायुक्त को कहा कि खेड़ी चौपटा में धरना लगा कर खनौरी बॉर्डर पर जाने के लिए एकजुट हुए किसानों और पुलिस के बीच हुए टकराव के बाद हिसार के तत्कालीन जिला प्रशासन ने वादा किया था कि अगर किसान उस धरने को समाप्त कर दें तो उन धरनारत किसानों पर कोई मुकद्दमा दर्ज नहीं किया जाएगा। किसानों ने तो समझौते के तहत तत्कालीन उपायुक्त उत्तम सिंह और हांसी के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया था, लेकिन जिला प्रशासन अपने वादे पर खरा नहीं उतर पाया और और जिला प्रशासन की वादाख़लिफ़ी के कारण अब उस मामले में दर्ज हुए मुकद्दमे में किसानों के पास हांसी कोर्ट में पेशी पर हाजिर होने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं।

मीटिंग में उपायुक्त ने कहा कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करके उपरोक्त मुकद्दमे से संबंधित केस फाइल की मौजूदा स्थिति व मुकद्दमे को रद किए जाने की संभावना के बारे में पूरी जानकारी जुटाकर एक सप्ताह के बाद किसानों को सूचित करेंगे। मीटिंग के बाद किसानों ने फैसला लिया की एक सप्ताह के बाद वे फिर उपायुक्त से मुलाकात करेंगे और उपायुक्त का रवैया सकारात्मक न होने की स्थिति में प्रशासन से मीटिंग के बाद उसी दिन आगामी रणनीति पर चर्चा करके कोई बड़ा आंदोलन करने का फैसला किया जाएगा। इस अवसर पर किसान नेता रणबीर मलिक, शमशेर नंबरदार, विकास सीसर, रवि आजाद, कैलाश उमरा, हर्षदीप गिल, दशरथ मलिक, कुलदीप खरड़, नसीब सातरोड, चरणपाल लुदास, सोमबीर भगाणा, बारिस डाटा, जोगिंदर माईयड़, अभिमन्यु कादयान, रणधीर मिलकपुर, सुधीर सिंघवा, रोहताश डाटा, साधुराम खेड़ी, जगबीर मलिक, कृष्ण देपल, बाली खरड़, वज़ीर पूनिया, सुंदर सिसाय आदि किसान मौजूद रहे।

## 15 किलो गांजे के साथ एक काबू

- अदालत ने आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने 15 किलो 270 ग्राम गांजा सहित राजस्थान के राजगढ़ निवासी जोगेंद्र उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में किया गया, जहां उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड के दौरान पकड़े गए आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और वह गांजा कहां से लेकर आया और कहां सप्लाई करना था के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि उमरा से मुजादपुर रोड़ पर एक गाड़ी में सवार एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर जाएगा। सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर मुजादपुर गांव के नजदीक नाकाबंदी कर बताई गई टाटा पंच गाड़ी को रुकवाकर राजपत्रित अधिकारी के सामने नियमानुसार तलाशी ली गई तो 15 किलो 270 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सदर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज गाड़ी व नशीले पदार्थ को कब्जा पुलिस में लेकर कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है।



**हांसी।** नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।




**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

### शिविर लगाकर जांचा बुजुर्गों का स्वास्थ्य

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में प्रभा वेलफेयर सोसायटी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर बुजुर्गों की जांच की गई। आधार अस्पताल के तत्वावधान में आयोजित किए गए शिविर में बुजुर्गों का बीपी, शुगर व सामान्य जांच करके उचित परामर्श दिया गया। इसके साथ ही प्रभा वेलफेयर सोसायटी द्वारा दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान प्रभा वेलफेयर सोसायटी से जुड़े प्रभा जैन, योगेश कपिल, सतीश शर्मा, डॉ. राहुल, प्रीति, किरण, हिमांशु, रोहित व डॉ. रोहिल सहित काफी सदस्य मौजूद रहे। चिकित्सकों ने बुजुर्गों को योग व सरल व्यायाम भी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। इसके साथ ही खान-पान संबंधी उचित सुझाव भी दिए।

## दहेज के लिए मारपीट कर नर्सिंग ऑफिसर को घर से निकाला

- पति पर धोखे से शादी करने का आरोप, लोन लेने का बना रहे दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

एक नर्सिंग ऑफिसर रीना ने महिला सैल में अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में कहा कि उसका पति और ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते हैं। पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत के आधार पर महिला पुलिस जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत नर्सिंग आफिसर रीना ने बताया की उसकी अमित से 2016 में एम्स भुवनेश्वर में पढ़ाई के दौरान मुलाकात हुई थी। अमित ने अपनी उम्र और निजी जानकारियां छिपाकर मुझ से शादी की। रीना के अनुसार दोनों ने 21 मई 2018 को कोर्ट मैरिज की। उसके बाद दोनों का पारंपरिक विवाह भी हुआ। उन्होंने कहा कि शादी में शामिल होने आए अमित के परिवार ने हवाई यात्रा के लिए 2.5 लाख रुपए नकद लिए।

#### गहने और लैपटॉप छीना

नर्सिंग ऑफिसर के अनुसार शादी के बाद ससुराल में दहेज की मांग को लेकर उस को प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। इससे पूर्व उसकी सास ने उसके गहने और पति ने 1.5 लाख का लैपटॉप छीन लिया। और मानसिक प्रताड़ना से पीड़िता के पिता की मृत्यु हो गई।

#### 50 लाख रुपये का लोन लेने का दबाव

पीड़िता ने कहा है कि जब से उसे नर्सिंग ऑफिसर की नौकरी मिली है, तो ससुराल वाले उस पर 50 लाख रुपए का लोन लेने का दबाव बना रहे हैं। लोन नहीं लेने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है।



**हिसार।** नई कार्यकारिणी का स्वागत करते पार्क विकास समिति के सदस्य।

### मुल्तानी चौक पार्क विकास समिति के दूसरी बार प्रधान बने सतेंद्र भारद्वाज, किया स्वागत


**हिसार।** मुल्तानी चौक पार्क विकास समिति की मंगलवार प्रातः पार्क में प्रधान सतेंद्र भारद्वाज उर्फ बिल्लू की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें पार्क विकास समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सतेंद्र भारद्वाज उर्फ बिल्लू को लगातार दूसरी बार प्रधान चुन लिया। प्रधान सतेंद्र भारद्वाज ने नई कार्यकारिणी गठित करते हुए मुकेश को उपप्रधान, शुभम वलेचा को महासचिव, श्यामसुंदर को कोषाध्यक्ष, सुनील सपड़ा को प्रेस सचिव बनाया। गोविंद बेदी, सज्जन अठवाल, अशोक, राजेंद्र सैनी, राजकुमार खुराना, वेद प्रकाश मिगलानी को सरपरस्त मनोनीत किया। कार्यकारिणी सदस्यों में मुकेश, राकेश कामरा, सुंदर, सुनील वर्मा, सोनू, हरबंस लाल मदान आदि को लिया गया। इसके अलावा पार्क समिति ने महिला इकाई का भी गठन किया, जो पार्क में होने वाले कई आयोजनों की देखरेख करेगी। इस इकाई में मीनू शर्मा, कुसुम हिंदूजा, नीतू अरोड़ा, सुमन सैनी व बिंदु आदि को लिया गया।

## एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सर्वश्रेष्ठ इनाम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक, कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं, 39 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करने में भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों व एक आम नागरिक को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सदर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर रमेश कुमार, सब-इंस्पेक्टर रविन्द्र व दीपक तथा 39 बांग्लादेशी नागरिकों के निर्वासन के लिए पत्राचार कर सराहनीय कार्य करने वाले सहायक उप निरीक्षक मनीष कुमार तथा 39 बांग्लादेशी नागरिकों के निर्वासन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों सब-इंस्पेक्टर कपिल व सुंदरलाल, सिपाही सतीश, अजय, विजेन्द्र,महिला सिपाही मंजू, काजोल, मधु, सहायक उप निरीक्षक अजय, मुख्य सिपाही विजय व एसपीओ सुनील कुमार प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सुरक्षा शाखा में तैनात सहायक उप निरीक्षक राजेश, मुख्य सिपाही सुनील, सिपाही प्रवीन, पोरश और कुलदीप आदि जिन्होंने 39 बांग्लादेशी नागरिकों के चरित्र सत्यापन एवं आवश्यक पत्राचार में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।



**हांसी।** उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। *फोटो :हरिभूमि*

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली निगम के मुख्यालय पर प्रदर्शन

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कथित जबरन एवं पक्षपातपूर्ण ढंग से लागू की गई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में मंगलवार को एचएसईबी वर्कर यूनियन ने विद्युत नगर स्थित मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता राज्य चीफ ऑर्गनाइज़र अशोक शर्मा द्वारा की गई, जबकि मंच संचालन मनोज सैनी ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य चीफ ऑर्गनाइज़र अशोक शर्मा ने बताया कि यूनियन ने पहले भी निगम प्रबंधन को इस नीति की त्रुटियों और भेदभावपूर्ण प्रवृत्तियों के संबंध में लिखित रूप में अवगत कराया था, किन्तु त्रुटिपूर्ण नीति को दोबारा लागू किया गया। चुनिंदा कर्मचारियों को अनुचित लाभ दिए गए। महिला कर्मचारियों के दूरस्थ स्थानों पर तबादले कर उनके साथ अन्याय किया गया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने समय रहते नीतिगत संशोधन नहीं किए, तो यूनियन इस आंदोलन को बिजली निगम के समस्त सर्कलों में फैलाएगी और एसीएस (पावर) सहित उच्च प्रशासनिक स्तर पर भी विरोध दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक चीफ एडमिन (हिसार) द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर नीति पर पुनर्विचार नहीं किया जाता, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर राज्य महासचिव यशपाल देशवाल, राज्य उपप्रधान अनिल पहल, पूर्व उप महासचिव राजेश शर्मा, मुकेश भयाना, उपप्रधान राजा शमादो, सीताराम, मलकीत सैनी, हिसार सर्कल सचिव दलबीर श्योराण, सिरसा सर्कल सचिव सतिंदर मोंगा, जींद सर्कल सचिव राजेश आशन, बल्लू बामला (भिवानी), विकास नेहरा, राजकुमार जाटासरा, यूनिट सचिव भिवानी साधु राम, संजय सांगवान, ऋषि राम, रमेश यादव, मदन लाल, साहिल मित्तल एवं वेदपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। यूनियन की प्रमुख मांगे: 1. वर्तमान ऑनलाइन ट्रांसफर आदेश को तुरंत रद्द किया जाए। 2. सरकार द्वारा निर्धारित ट्रांसफर नीति को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ लागू किया जाए। 3. सभी कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

## कैडेट्स ने मिलिट्री स्टेशन का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

द रॉयल सैनिक विद्यापीठ रावलवास में श्री हरियाणा बटालियन हिसार और ग्रुप हेड क्वार्टर रोहतक के दिशा-निर्देशन में आयोजित दस दिवसीय कैंप के सातवें दिन एनसीसी कैडेट्स ने हिसार मिलिट्री स्टेशन का भ्रमण किया। कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कैडेट्स के लिए इस प्रकार के भ्रमण बहुत महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक होते हैं। जिनसे कैडेट अपने जीवन लक्ष्य को अति उत्साहपूर्ण होकर हासिल करने का प्रयास करता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी कैडेट्स को डिफेंस की सेकेंड लाइन माना जाता है। इसलिए आधुनिक तकनीकों से लैस हथियारों और टैंकों की जानकारी प्रदान करना उनकी सिखलाई का एक हिस्सा होता है। इसी कड़ी में कैडेट्स को इसकी जानकारी देना एनसीसी कैंप का ही एक अध्याय है। सैन्य अधिकारियों द्वारा दी गई उपकरणों की जानकारी हमेशा के लिए यादगार बनी। एनसीसी कैडेट्स ने जब मिलिट्री स्टेशन में प्रवेश किया तो उनके अंदर का जोश और जिज्ञासा देखने लायक थी। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को जिन-जिन गतिविधियों से गुजारा गया, उन सब गतिविधियों में से सैन्य उपकरणों की जानकारी बेहद खास लगी।



**हिसार।** मिलिट्री स्टेशन का भ्रमण करते एनसीसी कैडेट्स।

### आईटीआई में महिला सशक्तीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा

# नेतृत्व एक कला है जिसे विकसित करना संभव : मलिक

- नेतृत्व और निर्णय लेने के महत्व पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जो महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व व्यक्तिगत स्थिति को बेहतर बनाकर ख़ुद के जीवन पर नियंत्रण रखने में मददगार हो। उन्हें अधिकार, अवसर, संसाधन प्रदान करके अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में सक्षम बनाए। यह बातें हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्रों की स्थापना के तहत राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में महिला सशक्तीकरण, नेतृत्व और निर्णय लेने के महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार के मुख्य वक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कही। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी जिला बाल कल्याण अधिकारी तृप्ति श्योरान व संस्थान के प्रिंसिपल ने की।

इस अवसर पर मलिक ने कहा कि नेतृत्व भी एक कला है जिसे विकसित किया जा सकता है। इसमें कौशल एवं रणनीति से हटकर एक विशिष्ट दृष्टिकोण प्रेरणा शक्ति आत्म विश्वास लोगों के साथ संबंध वाकपटुता की क्षमता शामिल है। जीवन में सफलता के लिए ज़रूरी है बेहतर निर्णय आपको अपनी प्राथमिकताएं तय करके स्पष्ट जानकारी हासिल करते हुए तर्कसंगत सोच अपनाकर लेने होते हैं। जीवन के लक्ष्यों और मूल्यों को सही से समझ कर ही निर्णय लेने चाहिए हमेशा आत्म जागरूक रहे, सचेतन का अभ्यास करें किसी भी काम की समय सीमा निर्धारित करें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।



**हांसी।** सेमिनार के दौरान छात्राओं को संबोधित करते मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक। *फोटो :हरिभूमि*